(c) by when the exploration work is likely to be commenced?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) to (c) A parametric location Padampur-1 in the Chandrapur (Chanda) district of Maharashtra has been identified for information drilling. This location has been offered in the 4th Round of bidding. A contract is likely to be finalised after negotiation.

Expansion of Mathura Oil Refinery

3006. SHRI VISHWASRAO RAMRAO PATIL: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the installed capacity of the Oil Refinery at Mathura;

(b) whether the said refinery has been utilising its full capacity;

(c) if not, the reasons therefor;

(d) whether Government propose to undertake the expansion of this refinery; and

(e) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) 7.5 MMTPA.

(b) Yes, Sir.

(c) Does not arise.

(d) No, Sir.

(e) Does not arise.

पेट्रोलियम उत्पादों की खपत संबंधी सर्वेक्षण

3007. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने पैट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती हुई मांग को ध्यान में रखते हुए देश में इनकी खपत के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है ;

(ख) राज्यवार कितने नए पैट्रोल पंप और गैस एजेंसियां खोलने की आवश्यकता है ;

(ग) इस वर्ष कितनी गैस एजेंसियां और पैट्रोल पम्प खोले जाने की योजना है और राज्यवार उनके स्थानों का ब्यौरा क्या है ;

(घ) इन पैट्रोल पम्पों और गैस एजेंसियों को स्वीकृति प्रदान करने के मापदंड क्या हैं; और

(ङ) यदि ऐसा कोई सर्वेक्षण नहीं कराया गया है, तो तत्संबंधी कारण क्या हैं और देश में पैट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती मांग को सरकार किस प्रकार पूरा करने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री **(श्री बी. शंकरानन्द) :** (क) पैट्रोलियम उत्पादों की मांग का सर्वेक्षण सरकार द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है ।

(ख) और (ग) वर्ष 1992-93 के दौरान पूरे देश में 1423 नए खुदरा बिक्री केंद्र और 706 एल० पी० जी० के डिस्ट्रीब्यूटरशिप खोलने के लिए तेल उद्योग से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ।

(घ) सभी डीलरों का चयन, स्वीकृत चयन एजेंसियों के जरिए विभिन्न श्रेणियों के अधीन उद्योग दिशा-निदेशों के अनुसार और सरकार के स्वविवेक से किया जाता है ।

(ङ) नए स्रोतों को शुरू करके और आयात में वृद्धि करके उत्पादन के देशी स्रोतों में वृद्धि करने की योजनायें बनाई गई हैं ।

राज्यों को डिटटी के तेल का आवंटन

3008. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सभी राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को समान आधार पर

मिट्टी का तेल आवंटित करने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1991–92 के लिए कर्नाटक के लिए मिट्टी के तेल का कितना कोटा निर्धारित किया गया है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) और (ख) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अपनाए गए विकल्पों के आधार पर नवम्बर, 1991 से 18 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समान आधार पर मिट्टी के तेल का आवंटन किया जा रहा है । जिसमें कर्नाटक शामिल है । नवम्बर, 1991 से कर्नाटक का मासिक कोटा 35975 मी. टन है ।

बोली का चौथा दौर

3009. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री 29 अप्रैल, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 285 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में तेल और प्राकृतिक गैस की खोज हेतु आमंत्रित बोलियों के चौथे दौर के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को बढा दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी कारण क्या है ;

(ग) उन कंपनियों के नाम क्या हैं जिन्होंने पूर्व-वर्ती बोलियों के दौरों के अनुसार तेल की खोज के लिए आवेदन दिए थे ;

(घ) क्या उन कंपनियों को कोई कार्य सौंपा गया है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) क्या तेल की खोज के लिए आमंत्रित बोलियों के प्रथम तीन दौरों के परिणामस्वरूप कोई खोज कार्य आरंभ किया गया है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) बोलियों के पहले तीन दौर के दौरान जिन कंपनियों ने तेल के अन्वेशण के लिए आवेदन किया है, उनके नाम निम्नलिखित हैं :

पहला दौर

1. ब्रिटीस पैट्रोलियम
2. फिलिप्स
3. शेवरन-टैक्स को
4. डेमिनेक्स
5. ओसिडेन्टल

दूसरा दौर

1. ओसिडेन्टल

तीसरा दौर

1. आल्वियन इंटरनेशनल रिसोर्सेज, अमेरिका
2. शेल इन्टरनेशनल पैट्रोलियम, नीदरलैण्ड
3. शेवरान–टेक्साको, अमेरिका ।
4. ब्रिटायल, यू० के०
5. इंटरनेशनल पैट्रोलियम कार्यो०-दुबई
6. अमोको, अमेरिका
7. बी०एच०पी० आस्ट्रेलिया

(घ) पहले दौर के दौरान, सौराष्ट्र अपतटीय ब्लाक– II में तेल के अन्वेशन के लिए शेवरान—को ठेका दिया गया था । कंपनी ने तीन कूपों का वेधन किया । परन्तु हाइड्रोकार्बन की कोई वाणिज्यक प्राप्ति नहीं हुई ।

दूसरे दौर के दौरान, कोई ठेका नहीं दिया जा सका था । तीसरे दौर के